गुजरात में विद्युत शुल्क

2159. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात में विद्युत शुल्क की वर्तमान दर कितनी है;

(ख) क्या यह दर देश की वर्तमान विद्युत वसूली की दर से कम है, जो कि राष्ट्रीय स्तर पर केवल 20 प्रतिशत है;

(ग) गुजरात और देश के अन्य राज्यों में कृषि उद्योग, लघु उद्योग, रेलवे, विमानन क्षेत्र और पांच तारा होटलों में विद्युत शुल्क की वसूली की पृथक-पृथक दरें कितनी-कितनी हैं;

(घ) क्या विद्युत की लगातार घटती दर का अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है; और

(ङ) क्या सरकार ने विद्युत शुल्क की नियमित और तत्काल वसूली सुनिश्चित करने और इसकी चोरी पर अंकुश लगाने के लिए कोई दंडात्मक कानून बनाया है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा-गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० एस० वेणुगोपालाचारी): (क) गुजरात में विद्युत टैरिफ की वर्तमान दर निम्नलिखित है:—

	क्षेत्र	टैरिफ (पैसे/यूनिटों)
1.	घरेलू	159.82 से 309.91 तक भिन्न-भिन्न
2.	वाणिज्यिक	405.14 से 422.78 तक भिन्न-भिन्न
3.	कृषि	51.06 से 76.69 तक भिन्न-भिन्न
4.	औद्योगिक	231.90 से 304.32 तक भिन्न-भिन्न

(ख) और (ग) गुजरात तथा विभिन्न क्षेत्रों के अन्य राज्यों में विद्युत टैरिफ की तुलनात्मक दर संलग्न विवरण के अनुसार है (नीचे देखिए)।

(घ) विद्युत टैरिफ निरंतर घटती नहीं रही है बल्कि यह निरंतर बढ़ती जा रही है। तथापि, वसूली की औसत दर आपूर्ति की औसतन लागत से लगातार कम है और इस प्रकार रा० वि० बोर्डों की हानियों में वृद्धि हुई है। वर्ष 1994-95 में आपूर्ति की अखिल भारतीय औसत लागत 130 पैसे/कि०वा० घं० की औसतन वसूली की तुलना में 150 पैसे/कि०वा० घंटे थी।

(ङ) भारतीय बिजली अधिनियम के अंतर्गत विद्युत की चोरी पकड़ने तथा विद्युत टैरिफ की नियमित एवं शीघ्र वसूली करने के लिए सभी राज्य सरकारों/ रा०वि०बोर्डों ने क्रिया विधि तैयार की है।

विवरण

विद्युत की अनुमानित औसत दरों को दर्शाने वाला विवरण (पैसे/कि०वा०घं० में औसत दर)

30.11.96 की स्थितिनुसार

क्र०सं०	यूटिलिटी का नाम	टैरिफ प्रभावित होने की तिथि	घरेलू 2 कि०वा० (100 कि०वा०घं०/माह)	घरेलू 5 कि०वा० (400 कि०वा०घं०/माह	वाणिज्यिक 2 कि०वा० (200 कि०वा०घं०/माह	वाणिज्यिक 10 कि०वा० (1000 कि०वा०घं०/माह
1.	आन्ध्र प्रदेश	1.8.1996	136.00	248.50	386.00	382.00
2.	असम	8.9.1994	105.00	230.00	315.40	363.00
3.	बिहार	1.7.1993	137.00	148.75	449.00	285.80
4.	गुजरात	21.5.1993	44.00	312.22	405.14	419.99
			यू० 198.25	281.77		
			आर० 182.69			
5.	हरियाणा	28.12.1994	171.00	204.00	255.00	255.00
6.	हिमाचल प्रदेश	1.11.1995	61.00	71.00	155.00	187.00
7.	जम्मू और कश्मीर	1.04.1988	54.90	54.90	91.50	91.50
8.	कर्नाटक	1.07.1996	170.00	188.75	463.75	456.25
9.	मध्य प्रदेश	1.07.1996	109.00	182.25	319.00	371.00
10.	केरल	1.10.1994	77.00	148.50	313.50	390.50

11.	महाराष्ट्र	1.07.1996	77.00	148.50	401.90	470.10
12.	मेघालय	1.09.1996	122.50	249.00	176.00	184.00
13.	उड़ीसा	21.05.1996	85.00	103.75	265.00	295.00
14.	पंजाब	11.07.1996	98.75	155.94	269.00	269.00
15.	राजस्थान	01.10.1996	135.25	168.06	247.50	269.50
16.	तमिलनाडु	01.02.1995	132.50	158.88		
	मद्रास मैट्रो एरिया		90.00	152.50	330.75	347.55
	नॉन मैट्रो एरिया				320.25	337.05
17.	उत्तर प्रदेश	16.07.1994	120.00	153.75	263.63	265.39
			38.50			
18.	प० बंगाल	07.01.1995	104.43	267.10	251.90	323.50

यू -शहरी
आर -ग्रामीण

क्रम सं०	यूटीलिटी का नाम	कृषि 10 एचपी 20% धार अनुपात (1089 कि०वा० घं०/माह)	लघु उद्योग 10 एच-पी 25% धार अनु-पात (1361 कि०वा० घं०/माह)	मझौले उद्योग 50 कि०वा० 40% धार अनुपात (14600 कि०वा० घं०/माह)	बड़े उद्योग 1000 कि०वा० 65% धारत अनुपात (474500 कि०वा० घं०/माह)
1.	आन्ध्र प्रदेश	50.00	290.04	311.62	333.98
2.	असम	150.90	178.60	227.10	214.18
3.	बिहार	29.09	155.09	138.54	209.99
4.	गुजरात	61.22	213.92	261.11	297.43
5.	हरियाणा	55.10	255.00	255.00	255.00
6.	हिमाचल प्रदेश	65.00	105.00	145.00	165.00
7.	जम्मू और कश्मीर	12.20	48.80	48.80	48.80
8.	कर्नाटक	7.65	191.02	206.48	355.37
9.	केरल	14.21	119.04	115.65	116.57
10.	मध्य प्रदेश	45.91	204.00	276.51	326.77
11.	महाराष्ट्र	38.26	208.30	407.12	391.07
12.	मेघालय	56.00	149.40	168.43	156.07
13.	उड़ीसा	70.00	185.00	250.00	306.58
14.	पंजाब	45.91	195.00	210.00	233.00
15.	राजस्थान	41.46	214.00	254.00	275.00
16.	तमिलनाडु	0.00	206.30		
	मद्रास महानगर क्षेत्र			292.07	288.53
	गैर महानगरीय क्षेत्र			281.57	270.03
17.	उत्तर प्रदेश	47.29	248.76	256.92	282.16
	असतत् उद्योग		276.42	233.77	
	सतत् उद्योग			271.05	304.61
18.	प० बंगाल	87.00	235.93	291.06	274.40